**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या –3082**
**दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## कोकराझार और बीटीआर में पासपोर्ट कार्यालय में रिक्त पद

**3082. श्री जयन्त बसुमतारीः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोकराझार और बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) में पदस्थापित पासपोर्ट कार्यालय के कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त क्षेत्र के पासपोर्ट कार्यालयों में श्रेणीवार कुल कितने पद रिक्त हैं;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस क्षेत्र में लोगों को पासपोर्ट जारी करने और उनके नवीकरण में काफी समय लग रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई है/किए जाने का विचार है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) और (ख) बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में, डाक विभाग (डीओपी) का एक कर्मचारी वर्तमान में गुवाहाटी के पासपोर्ट कार्यालय के अंतर्गत कोकराझार में स्थित डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) में कार्यरत है। इसके अलावा, इस क्षेत्र में नागरिकों को निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए डाक विभाग के अतिरिक्त अधिकारी स्टैंडबाय पर हैं। वर्तमान में, पीओपीएसके कोकराझार में कोई पद रिक्त नहीं है।

(ग) और घ) पीओपीएसके कोकराझार में अगले दिन अपॉइंटमेंट उपलब्ध करा दिया जाता है। तथापि, पासपोर्ट जारी करना और उसका नवीनीकरण पुलिस सत्यापन रिपोर्ट की उपलब्धता पर निर्भर करता है जो राज्य सरकार के प्राधिकारियों द्वारा प्रदान की जाती है।

*****